पंजाब केसरी 17/11/2023

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में मनाया गया मानसिक स्वास्थ्य दिवस

कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

अम्बाला, 16 नवम्बर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के लीगल लिटरेसी क्लब मे वीरवार को प्रिंसीपल डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया। इस प्रोग्राम के मुख्य वक्ता नीलिमा पी.एल.वी. थीं। इस प्रोग्राम का विषय सैक्सुअल एक्सप्लोइटेशन और रेमेडीज अगेंस्ट ईट था। इस प्रोग्राम का आयोजन बी.कॉम के विद्यार्थियों में इस विषय के लिए जागरूकता पैदा करना था।

इस संदर्भ में प्रिंसीपल डा.रोहित दत्त ने कहा कि यौन उत्पीड़न वर्तमान समय में समाज की एक गंभीर समस्या बन गई है। ऐसे मामलों में लोगों में जागरूकता फैलाने और ऐसे मामलों को उजागर करना जरूरी है। एच.ओ.डी. (एस.एफ.) डा. सुरेंद्र कुमार ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रो. रमनीत कौर, प्रो. जस्मिता, प्रो. उदिता और लगभग 70 विद्यार्थी उपस्थित रहे।